# एचआईवी (HIV) और बच्चा पैदा करना

अप्रैल 2023

**एचआईवी से संक्रमित लोग अपने साथी या शिशु को एचआईवी से संक्रमित किए बिना स्वस्थ बच्चे पैदा कर सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया में माता से शिशु में एचआईवी संक्रमण दुर्लभ है।**

एचआईवी की दवाएं लेते हुए तथा स्वास्थ्यकर्मियों की सहायता से:

- जिन महिलाओं को एचआईवी है, वे अपने साथी को एचआईवी से संक्रमित किए बिना गर्भवती हो सकती हैं
- जिन महिलाओं को एचआईवी है, वे अपने शिशु को एचआईवी से संक्रमित होने के जोखिम को लगभग शून्य (<1%)
- जिन पुरुषों को एचआईवी है, वे अपने साथी या शिशु को एचआईवी से संक्रमित किए बिना सन्तान-सुख पा सकते हैं

## शिशु के जन्म की तैयारी

यदि आपको, आपके साथी, या दोनों ही एचआईवी से संक्रमित हैं और बच्चे पैदा करने के बारे में सोच रहे हैं तो आपको अपने डॉक्टर को बताना चाहिए कि आप बच्चा पैदा करना चाहते हैं। वे गर्भ-धारण और बिना एचआईवी के शिशु को जन्म देने के सर्वोत्तम उपाय के बारे में आपसे बात करेंगे। वे यह सुनिश्चित करेंगे कि आपकी एचआईवी दवाएं गर्भावस्था के दौरान प्रयोग के लिए सुरक्षित हैं और यह कि आपको सही किस्म की सहायता मिल रही है।

कभी-कभी गर्भधारण अनियोजित हो सकता है। ऐसा होने पर यथाशीघ्र अपने डॉक्टर से मिलें ताकि वे आपको आवश्यक जानकारी और सहायता दे सकें।

## प्रजनन शक्ति

एचआईवी आपकी गर्भ-धारण क्षमता को प्रभावित कर सकती है। यदि आप प्रयास के प्रथम वर्ष में गर्भवती न हो सकें तो अपने डॉक्टर से बात करना अच्छा रहेगा। वे आपको उपयोगी सलाह दे सकते हैं अथवा किसी उर्वरता (फर्टिलिटी) क्लीनिक में रेफ़र कर सकते हैं।

**असंसूचनीय (जिसका पता न लगाया सके) वायरल लोड का यह अर्थ है कि आपके रक्त में एचआईवी की मात्रा इतनी कम है कि आप उसे किसी अन्य को संक्रमित नहीं कर सकते। इसका मतलब यह नहीं है कि एचआईवी आपके शरीर से पूरी तरह से हटा दिया गया है या आप ठीक हो गए हैं। इसका मतलब यह है कि बचे हुए वायरस की मात्रा इतनी कम है कि इसे यौन-सम्बन्ध के माध्यम से संक्रमित नहीं किया जा सकता। चिकित्सकों द्वारा निर्धारित किये अनुसार दवाइयों का सेवन करते रहने पर अधिकांश लोगों में असंसूचनीय वायरल लोड हो सकता है।**

## ऐसे साथी के साथ शिशु को जन्म देना जो एचआईवी से पीड़ित नहीं है

जब एक साथी को एचआईवी हो और दूसरे को नहीं तो उस व्यक्ति को जिसे एचआईवी नहीं है, एचआईवी संक्रमित किए बिना गर्भवती होना संभव है। यदि एचआईवी से संक्रमित व्यक्ति अपनी एचआईवी दवाइयों का सेवन कर रहा हो और असंसूचनीय वायरल लोड बनाए रखता है तो आगे एचआईवी संक्रमण संचार कर पाने की संभावना नहीं रहती है।

वायरल लोड असंसूचनीय बना रहे यह सुनिश्चित करने के लिए नियमित जांच महत्वपूर्ण है। गर्भवती होने का प्रयास करने से पहले, दोनों साथियों की यौन संचारित संक्रमणों की जांच और उपचार होना चाहिए।

जो साथी एचआईवी से पीड़ित नहीं है वह भी एचआईवी होने से बचाव करने के लिए गर्भ-धारण की कोशिश करने से पहले और कोशिश करने के दौरान एचआईवी दवा ले सकते हैं। इस उपचार को PrEP (प्री-एक्सपोज़र प्रोफिलैक्सिस) कहा जाता है और यदि एचआईवी से संक्रमित साथी में संसूचनीय वायरल लोड है तो यह एक अतिरिक्त विकल्प है। यदि आपको और अधिक जानकारी चाहिए तो इस बारे में अपने डॉक्टर से बात करें।

गर्भवती होने के लिए महीने में यौन-सम्बंध बनाने का सही समय कब है इस बारे में अपने डॉक्टर से बात करें। इससे गर्भवती होने की संभावना बढ़ सकती है (महिला के मासिक धर्म शुरु होने से करीब 2 सप्ताह पहले)। यह आपके साथी को एचआईवी संचार करने की संभावना को भी कम करता है।

# दोनों साथियों के एचआईवी से संक्रमित होने की स्थिति में बच्चा पैदा करना

यदि माता-पिता दोनों एचआईवी से संक्रमित हों तब भी वे ऐसे शिशु को जन्म दे सकते हैं जिसे एचआईवी न हो

यदि माता-पिता दोनों एचआईवी की दवाएं ले रहे हों और उनमें असंसूचनीय वायरल लोड हो, तो उनके शिशु को एचआईवी संक्रमण होने का जोखिम लगभग शून्य है।

# शिशु को एचआईवी से संक्रमित करने का जोखिम

यदि एचआईवी से पीड़ित महिला निम्नांकित कार्य करे तो शिशु की एचआईवी से संक्रमित होने की संभावना 1% से भी कम हो जाती है:

- गर्भावस्था के दौरान एचआईवी उपचार ले परिस्थिति, उदाहरण के लिए मां का वायरल लोड, के आधार पर डॉक्टर यह सलाह देंगे कि बच्चे का जन्म कैसे (सी-सेक्शन या प्राकृतिक प्रसव) होगा
- स्तनपान न कराती हो
- यह सुनिश्चित करे कि जन्म के बाद उसके शिशु को एचआईवी का उपचार (सामान्यतः4-6 सप्ताह) दिया जाए

यदि एचआईवी से संक्रमित किसी पुरुष में असंसूचनीय वायरल लोड है और वह अपनी साथी की गर्भावस्था के दौरान एचआईवी उपचार जारी रखता है तो उसके साथी या शिशु में संक्रमण संचार होने का कोई जोखिम नहीं रहता।

# स्तनपान

ऑस्ट्रेलिया में, एचआईवी-संक्रमित माताओं के लिए अपने शिशु को आहार देने का सबसे सुरक्षित तरीका फॉर्मूला दूध का उपयोग करना है।

हालांकि स्तन-दूध के माध्यम से एचआईवी संक्रमित होने की संभावना कम है किंतु वह शून्य नहीं है। इस विषय में अपने डॉक्टर से बात करना महत्वपूर्ण है ताकि आप अपने और अपने शिशु के लिए सर्वोत्तम निर्णय ले सकें।

# निर्णय लेना

जो लोग एचआईवी-संक्रमित हैं उनके साथी को यह विकल्प चुनने का अधिकार है कि उन्हें शिशु कब और कैसे चाहिए, और उनका जो भी निर्णय हो उसे सम्मान दिया जाना चाहिए। वे अपने लिए सभी आवश्यक जानकारियां तथा स्वास्थ्यकर्मियों की सहायता प्राप्त करने के हकदार हैं ताकि वे सूचित निर्णय ले सकें।

# उपयोगी संपर्क

### Pozhet (Heterosexual HIV Service)

**एचआईवी के जोखिम के साथ रहने वाले विषमलिंगी (हेट्रोसेक्सुअल) लोगों के लिए सहायता, सूचना, रेफ़रल और कार्यक्रम**

*Phone:* 1800 812 404
*Website:* www.pozhet.org.au
*Email:* pozhet@pozhet.org.au

### Multicultural HIV and Hepatitis Service

**सांस्कृतिक रूप से विविध पृष्ठभूमियों के लोगों और समुदायों के लिए सूचना और सहायता**

*Phone:* 1800 108 098
*Website:* www.mhahs.org.au
*Email:* info@mhahs.org.au

### Positive Life NSW

**एचआईवी-संक्रमित लोगों के लिए समुदाय-आधारित संस्था**

*Phone:* 1800 245 677
*Website:* www.positivelife.org.au
*Email:* contact@positivelife.org.au

### Sexual Health Info Link

**यौन स्वास्थ्य नर्सें जो एचआईवी और यौन स्वास्थ्य के बारे में गोपनीय रूप से प्रश्नों के उत्तर देते/देती हैं**

*Phone:* 1800 451 624
*Website:* www.shil.nsw.gov.au
*Email:* seslhd-shilmail@health.nsw.gov.au

### Local Sexual Health Clinic

**अपने निकटतम उपयुक्त यौन स्वास्थ्य सेवा को खोजने के लिए नीचे दी गई वेबसाइट पर जाएँ**

*Website:* www.health.nsw.gov.au/sexualhealth/Pages/sexual-health-clinics.aspx

### The Albion Centre

**एचआईवी के साथ जीवन जीने वाले लोगों के लिए जांच, शिक्षा और परामर्श उपलब्ध कराते हैं**

*Phone:* (02) 9332 9600
*Website:* www.thealbioncentre.org.au
*Email:* education@thealbioncentre.org.au

### The Paediatric HIV Service at Sydney Children's Hospital

**एचआईवी के साथ जीवन जीने वाले बच्चों और परिवारों के लिए चिकित्सा प्रबंधन, मनो-सामाजिक सहायता, शोध, परामर्श और शिक्षा**

*Phone:* (02) 9382 1508
*Website:* www.schn.health.nsw.gov.au/find-a-service/health-medical-services/immune-deficiency-and-hiv/sch

### TIS National Translating and Interpreting Service

**150 से भी अधिक भाषाओं में फोन एवं ऑन-साइट भाषांतर सेवा को सुलभ बनाता है**

*Phone:* 13 14 50
*Website:* www.tisnational.gov.au
*Email:* tis.prebook@homeaffairs.gov.au

pozhet
HETEROSEXUAL HIV SERVICE

MULTICULTURAL HIV AND HEPATITIS SERVICE